भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2497

(दिनांक 13.03.2026 को उत्तर देने के लिए)

राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में आईआईसीटी मुंबई की प्रगति

2497. डा. परमार जशवंतसिंह सालमसिंहः

श्री जग्गेशः

श्री मदन राठौड़ः

श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाणः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अवसंरचना, शुरू किए गए पाठ्यक्रम और नामांकित किए गए छात्रों सहित मुंबई स्थित भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओसी) के रूप में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) के क्षेत्र में क्या प्रगति हुई है;

(ख) क्या सरकार ने एवीजीसी-एक्सआर कौशल विकास के लिए गूगल, मेटा और एनवीडिया के साथ साझेदारी की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राजस्थान सहित राज्य-वार विकसित किए गए स्टार्टअप्स का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र में कौशल विकास और उद्योग संरेखण पर आईआईसीटी के प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई मूल्यांकन किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो ऐसे मूल्यांकन का ब्यौरा और निष्कर्ष क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (घ): भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी), मुंबई, एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र है जिसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार, भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ (फिक्की) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) क्षेत्र में नवाचार और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया है। यह संस्थान वर्तमान में आईआईसीटी-राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम (एनएफ़डीसी) परिसर से संचालित हो रहा है। फ़िल्म सिटी, गोरेगांव, मुंबई में एक स्थायी परिसर के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। यह संस्थान अब आधुनिक कक्षाओं, इमर्सिव स्टूडियो तथा ध्वनि और संपादन के लिए विशेष सुविधाओं के साथ कार्य कर रहा है, ताकि शैक्षणिक अधिगम और उद्योग सहयोग दोनों को समर्थन दिया जा सके। अब तक एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में 18 विशिष्ट पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें 136 विद्यार्थियों का नामांकन किया गया है। इसके अतिरिक्त, 15 प्रतिभागियों ने 'ट्रेन-द-ट्रेनर' पहल को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

आईआईसीटी ने एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र में कौशल विकास और प्रौद्योगिकी क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए वैश्विक प्रौद्योगिकी के अग्रणियों के साथ सहयोग किया है। इन सहयोगों से पूरे भारत में आईआईसीटी में नामांकित किएटर्स को लाभ होगा। इसके अलावा, संस्थान की इनक्यूबेशन पहल के अंतर्गत वर्तमान में 11 स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान की जा रही है, जिनमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागी शामिल हैं।

आईआईसीटी ने प्रगति की समीक्षा करने और कार्यनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए, उद्योग विशेषज्ञों जैसे शैक्षणिक परिषद, उद्योग विकास परिषद, अनुसंधान एवं विकास परिषद तथा कौशल परिषद को शामिल करते हुए परामर्श परिषदों का भी गठन किया है।

*****